कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
लखनऊ।

पत्रांक : 3153/R-1/15 दिनांक : 28/07/15

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड (द्वितीय),
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
पटेल पार्क, निराला नगर, लखनऊ।

**विषय : पलिया–शाहजहाँपुर–हरदोई–लखनऊ मार्ग पर 33 के0वी0 भूमिगत केबिल डालने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ : आपका पत्रांक 228/वि0न0नि0ख0–द्वितीय दिनांक 27–07–2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्रांक 1970/आर–4/15 दिनांक 18–05–2015 के द्वारा केबिल डालने हेतु रोड कटिंग की अनुमति प्रदान की गयी थी। अनुमति में दर्शायी गयी एरिया का प्राविधान तकनीकी अपरिहार्यताओं के अन्तर्गत **रोड रोलर की चौड़ाई (लगभग 2मीटर)** को ध्यान में रखते हुये किया गया है। जिसके अनुसार रोड रेस्टोरेशन कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। यदि रोड कटिंग का कार्य **0.60 मीटर चौड़ाई** में आप द्वारा कराया जा रहा है तो इसमें लोक निर्माण विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। कटिंग के उपरान्त ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य कराया जायेगा।

कृपया उपरोक्त कार्य अविलम्ब पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(राजीव कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक दिनांक

1– प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

2– प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता (पंचम), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

D:\shailendra\Devendra 1.doc